>

Title : Need to provide funds for installing India Mark-II handpumps in Bahraich Parliamentary Constituency, Uttar Pradesh.

श्री कमल किशोर कमांडो (बहराइच): मेरे संसदीय निर्वाचन क्षेत्र में प्रतिवर्ष आने वाली बाढ़ से पेयजल के रूप में प्रयुक्त होने वाला भूजल काफी प्रदूषित है। यहां के भूजल में आर्सेनिक की मात्रा अत्यधिक है। प्रदूषित पेयजल पीने से यहां के लोगों को अनेक प्रकार की बीमारियां हो रही हैं। बहराइच के लोगों को शुद्ध पेयजल के लिए मेरे द्वारा संसदीय क्षेत्र में इंडिया मार्क-2 हैंडपम्प लगवाने का अनुरोध किया गया है, जिस हेतु ग्रामीण विकास मंत्रालय के पत्रांक के अनुपालन में अधिशाषी अभियंता निर्माण खंड उत्तर प्रदेश जल निगम, जनपद बहराइच द्वारा 597 इण्डिया मार्क-2 हैंडपम्प के लिए 213.42 लाख रूपये का प्राक्कलन भेजा गया है। वर्तमान बहराइच जिले की जनसंख्या (ग्रामीण क्षेत्र) लगभग 30 लाख है।

अतः मेरा केन्द्र सरकार से अनुरोध है कि जनपद में प्रदूषित पेयजल की समस्या दूर करने के लिए दिए गए प्राक्कलन के अनुसार 597 इण्डिया मार्क-2 हैंडपम्प लगवाने के लिए अपेक्षित धनराशि स्वीकृत करने की कृपा करें।